## अवैध मिट्टी खनन करने वाले 31 की सूची जिला प्रशासन को सौंपी

**नागदा।** क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध मिट्टी खनन को लेकर प्रशासन को शिकायत कर आंदोलन भी किए गए लेकिन प्रशासन आंखें मूंद कर बैठा है। एक बार फिर ग्राम भगतपुरी, परमारखेड़ी, गिदगड़, भीमपुरा, खजुरिया एवं जुना नागदा क्षेत्र मे अवैध रूप से मिट्टी के खनन का कार्य करने वाले कुल 31 व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्यवाही हेतु एक शिकायती अभिभाषक अभिषेक चौरसिया द्वारा जिला कलेक्टर एवं खनिज विभाग को कि गई हैं तथा संबंधितों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई गई हैं ।शिकायत में बताया कि विगत कई माह से नागदा एवं आसपास के क्षेत्र मे खनन माफिया सक्रिय हैं। लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित नहीं किया जा पा रहा था। जिस कारण ठोस साक्ष्य एवं मिट्टी का खनन व परिवहन करने वालों के नाम ना मिल पाने के कारण ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। नागदा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों, दस्तावेजों, फुटेजों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर कुल 31 व्यक्तियों के नाम, पता एवं खनन स्थल का ब्योरा जुटाया गया हैं। जिसे सूचीबद्ध कर जिला प्रशासन को शिकायत के साथ प्रस्तुत कर दिया गया है। चूंकि बिना नाम एवं पते के कार्रवाई हो पाना संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे में जमीनी तहकीकात करने के बाद ऐसे लोगों को निरंतर चिन्हित किया जा रहा हैं। जिसमें अभी हाल फिलहाल में कुल 31 नाम सामने आए हैं एवं अन्य लोगों की सूची भी तैयार की जा रही हैं। जो कि जल्दी प्रशासन को सौंपी जाएगी। अभिषेक चौरसिया ने बताया कि तहसील नागदा अंतर्गत बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन और परिवहन का संगठित खेल जारी है। यह गतिविधियां न केवल शासन को राजस्व की सीधी हानि पहुंचा रही हैं, बल्कि पर्यावरण एवं कृषि भूमि के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। मामले मे चूंकि स्थानीय प्रशासन के समक्ष खनन करने वालों के नाम नहीं सामने आ पाने की वजह से कार्यवाही लंबित हो रही थी। इसीलिए जिला कलेक्टर एवं खनिज अधिकारी, उज्जैन को विस्तृत शिकायत प्रस्तुत कर 31 व्यक्तियों की नाम सहित सूची संलग्न सौंप दी गई है। जो तहसील नागदा में बिना वैध खनन पट्टा, बिना रॉयल्टी जमा किए एवं बिना सक्षम अनुमति के मिट्टी का उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं। शिकायत के अंतर्गत शासकीय भूमि से भी अवैध उत्खनन किए जाने, भारी मशीनरी और डंपरों के माध्यम से दिन-रात परिवहन होने एवं संबंधित नियमों एवं मध्यप्रदेश गौण खनिज नियमों के खुला उल्लंघन का मामला भी उठाया गया है।

### यह कर रहे हैं खनन

शिकायत में बताया गया कि अजय प्रजापत, शंकरलाल प्रजापत, मांगू भानेज, मुकेश गुर्जर, गुड्डूलाल प्रजापत, प्रकाश हीरालाल प्रजापत, चंदन सिंह, दीपक फजलू प्रजापत, त्रिलोक सांवरिया, तोतालाल मिट्ठूलाल जायसवाल, रामेश्वर गुर्जर, क्ययुम खान, राकेश प्रजापत, शुभकरण चौधरी, रघु गुर्जर, त्रिलोक प्रजापत, जितेंद्र गेंदालाल प्रजापत, विनोद परमार, प्रकाश परमार, लक्ष्मीनारायण प्रजापत , शेरु खां , नाहरुलाल प्रजापत, सुरेश बाबूलाल प्रजापत, पप्पू प्रजापत पटेल गलीवाले, राहुल किशोर प्रजापत, भरत गुर्जर, कमलेश प्रजापत, भगवान सिंह गुर्जर, श्रीपाल सिंह, अब्बास अली एवं अम्बाराम रविदास आदि के नाम सौंपे गए हैं ।उक्त लोगों के द्वारा ग्राम भगतपुरी, उमरना, परमारखेड़ी, गिदगड़, भीमपुरा, खजुरिया एवं जूना नागदा क्षेत्र में खनन किया जा रहा हैं।

## गाय को मिले राष्ट्र माता का दर्जा, पैदल यात्रा शुरू

**महिदपुर। गाय को बचाने के लिए अनेक प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। कहीं उनके सिंगों पर रेडियम लगाकर तो कहीं पर उनके लिए गोशाला बनाकर उनकी देखरेख की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें कटने से बचाने के लिए ट्रकों को पकड़ा जाकर पुलिस के सुपुर्द किया जा रहा है।इसके साथ ही एक शख्स जो कि ज्योतिष के साथ यज्ञाचार्य भी है उसने गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिले इसके लिए पैदल यात्रा शुरू की है। 1145 किलोमीटर तक होगी यह यात्रा।**



इस संबंध में सरवनखेड़ा के महाराज संतोष त्रिवेदी ने बताया कि अवंतिका नगरी उज्जैन से पाकिस्तान बार्डन पर स्थित तनोड़ माता तक पैदल यात्रा कर रहा हूं। यह यात्रा करीब 1145 किलोमीटर की होगी। इस यात्रा का उद्देश्य यही है कि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिले। यह संदेश प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक भी पहुंचे यही कामना है। इस संबंध में समाजसेवी और कांग्रेस नेता विजय सिंह गौतम ने बताया कि हमारे के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि सरवन खेड़ा निवासी महाराज संतोष त्रिवेदी जो कि ज्योतिषाचार्य के साथ ही एक यज्ञाचार्य भी है। इन्होंने संकल्प लिया है कि गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले इसके लिए 1145 किलोमीटर की यात्रा प्रारंभ की है। इसके लिए समाजसेवी विजयसिंह गौतम उन्हें कुछ राशि भी भेंट की है और कामना की है कि उनकी मनोकामना पूर्ण हो।

## एक नजर में

### अजाक्स की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा




**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय में अजाक्स जिला उज्जैन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई ।बैठक की शुरुआत जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई ।इसके बाद बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।मीडिया प्रभारी डीएल भीलवाड़ा ने बताया कि बैठक में 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बाबा साहब के जन्मोत्सव पखवाड़े के आयोजन, यूजीसी के समर्थन में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में ज्ञापन व रैली की रूपरेखा जेएन कांसोटिया के स्वागत-अभिनंदन समारोह तथा सुवचनराम के सम्मान समारोह को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर महेश विरोलिया, डॉ. आरएल परमार, दरियाव सिंह गहलोत, बीएल सिदल, प्रवीण गहलोत, राजेश सूर्यवंशी, गिरधर मालवीय, बालाराम गुजराती, प्रमोद मालवीय, भैरुसिंह परमार, बाबूलाल एरवाल, रतन गोयल, आनंदीलाल सुड़ाती, बनेसिंह परमार, सुरेंद्रसिंह यादव, जितेंद्र परमार, धर्मेन्द्र सोलंकी, बाबूलाल मालवीय, पीरु लाल मालवीय आदि उपस्थित थे।

### गूंजे देश भक्ति के तराने



**इंदौर.** म .प्र .क्षत्रिय मराठा मंडळ एवं छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान द्वारा इंदौर में आयोजित चार दिवसीय सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह के अंतर्गत 20 फरवरी को छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था , रामबाग चौराहा इंदौर पर शाम 7 .30 बजे संस्था गीत गैलेक्सी (म्यूजिकल इवेंट संगीत समूह) द्वारा प्रस्तुत देशभक्तिपूर्ण एवं सदाबहार गीतों की सुमधुर संगीत निशा का आयोजन किया गया, जिसमें गायक कलाकार जितेंद्र कदम,अजय कदम,अक्षत भवर,प्रशांत पाटिल, छाया भवर,प्रगति भागवत एवं श्रेया अनासुने ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम के अतिथिगण समाज सेवी प्रभाकर चौखंडे, अशोक आमनापुरकर एवं भास्करराव एरणकर थे. अतिथियों का स्वागत सर्वश्री मनोहर पवार एडवोकेट, बबन कदम, अशोक गायकवाड़, विनोद नागरे, रविन्द्र गट, सुरेश सुरोशी, डॉ.आशा गायकवाड, लता पवार, मनोरमा ठोम्बरे आदि ने किया. संचालन अमित आमनापुरकर ने किया. आभार लोकेश सरोशे ने माना.

### चौरसिया ने प्रियंका गांधी से की मुलाकात

**इंदौर.** अमित चौरसिया को असम की दिसपुर विधानसभा का प्रभार सौंपा गया.. चौरसिया ने कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की और विधान सभा चुनाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## प्रेम और समर्पण में है श्रीमां की साक्षात अनुभूति : सुरेंद्र सिंह चौहान

**उज्जैन/तराना।** उज्जैन में इंदौर रोड स्थित श्री अरविन्द योग शक्तिपीठ में महायोगी श्रीअरविन्द की आध्यात्मिक सहयोगी श्रीमां के 148 वां प्राकट्य दिवस पर स्मरणोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्री सुखदेव सभागृह में श्रीमां के सानिध्य में रहे सुरेंद्र सिंह चौहान का विशेष उद्बोधन हुआ। उन्होंने श्रीमां की दिव्य चेतना की चर्चा करते हुए श्रीअरविंद दर्शन की व्याख्या की। सावित्री कथानक के माध्यम से उन्होंने श्रीमा के वात्सल्य से साक्षात्कार करवाते हुए श्रीअरविंद के सावित्री ग्रंथ पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि श्रीमां की दिव्य चेतना की अनुभूति के लिए प्रेम और पूर्ण समर्पण आवश्यक है।



कार्यक्रम की रूपरेखा श्री अरविंद आश्रम पुदुचेरी की स्थानीय शाखा के अध्यक्ष विभाष उपाध्याय ने रखते हुए जीव, ब्रह्म और माया की व्याख्या श्री अरविंद दर्शन के परिपेक्ष्य में की। उपाध्याय ने श्री मां की चेतना का उल्लेख करते श्रद्धा और विश्वास के साथ पूर्ण समर्पण की बात की। इस अवसर पर रीतेशदास महाराज ने भी आशीर्वचन दिया।आरपी तिवारी ने काव्यपाठ के साथ श्री मां का स्मरण किया। संस्था के कोषाध्यक्ष मधुसूदन श्रीवास्तव ने श्री मां के प्राकट्य दिवस पर दिव्य स्मरण की बात कही। इसके पूर्व पवित्र ग्रंथ सावित्री के अंश का वाचन डॉ.लतिका व्यास एवं आनंद मोहन पण्ड्या ने किया। श्री अरविंद योग शक्तिपीठ में हुए स्मरणोत्सव का आरंभ ध्वजारोहण एवं वंदेमातरम प्रार्थना के साथ हुआ। इसके बाद श्री अरविन्द दिव्यांश समाधि स्थल पर ध्यान किया गया। श्री मां के प्राकट्य दिवस पर हुए कार्यक्रम में महाकाल मंदिर के पूर्व प्रशासक आरपी तिवारी, आनंदीलाल जोशी, अनिल डागा, वीरेंद्र शर्मा, स्वामी, शिव प्रसाद मालवीय, कैलाश उपाध्याय, धर्मेंद्र पंड्या, उर्वशी पंड्या, डॉ.कविता उपाध्याय, अरुण व्यास आदि उपस्थित थे। आभार मधुसूधन श्रीवास्तव ने माना। स्वागत सचिव आनंद मोहन पंड्या ने किया।

## रासेयो शिविर आयोजित




**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम नारायणा धाम में आयोजित किया गया। 14 फरवरी को प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र का आरंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रासेयो समन्वयक डॉ. शेखर मेदमवार एवं शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के वाणिज्य विषय के पूर्व प्राध्यापक डॉ. पीएस पटेल रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने श्रमदान किया। समापन सत्र 20 फरवरी को आयोजित हुआ। समापन सत्र का संचालन डॉ. जाकिरउद्दीन अहिंगर ने किया और आभार डॉ. नैना तिवारी ने माना।समापन सत्र में महाविद्यालयीन स्टॉफ के साथ रासेयो स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## स्कूल में एडू वाइब्स एक्सपो शैक्षणिक मेले का आयोजन

**उज्जैन।** निजी स्कूल में 22 फरवरी, रविवार को एकेडमिक फेयर का हुआ आयोजन। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. दिलीप सोनी उपस्थित हुए।इस एकैडमिक फेयर में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें छात्रों ने विज्ञान से लेकर गणित सामाजिक विज्ञान हिंदी संस्कृत के चलित मॉडल बनाये। इस शैक्षणिक मेले के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दिलीप सोनी उपस्थित हुए। शुरुआत कक्षा सातवीं की छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से की। विद्यालय की प्राचार्य उषा कल्याणी ने उनका उनका स्वागत स्मारक देकर किया। इस शैक्षणिक मेले में अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की। विद्यालय की प्राचार्य उषा कल्याणी मैडम ने बताया कि इस तरह के नवाचार स्कूल में होते रहते है। इस बार शैक्षणिक मेले में खास यह था कि बच्चे किताबी ज्ञान से हटकर करके सीखने पर बल दिया गया। इस नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय द्वारा 6 क्लबो का आयोजन किया जा रहा है। उसमें से एक क्लब शेफटास्टिक का आयोजन इस शैक्षणिक मेले में किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने फायरलैस कुकिंग से पानी पूरी, अंकुरित चाट, भेल, नींबू शिकंजी जैसे व्यंजन बनाये गए। इन नवाचारो से छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास और प्रौद्योगिकी कौशल को बढ़ाया जा सके।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य मैडम ने अतिथि और अभिभावकों को धन्यवाद दिया।



## छात्राओं को सिखाया मंत्रोच्चारण से दिमाग संतुलित करना

**उज्जैन।दुर्गा सशक्त भाव वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आदिवासी कन्या छात्रावास में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में छात्राओं को स्वास्थ्य, कौशल विकास और मानसिक शांति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**



कार्यक्रम की शुरुआत सोसाइटी की अध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा के स्वागत भाषण से हुई।इस दौरान उनके द्वारा संस्था के कार्यों और आगामी समय में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. सतिंदर कौर सलूजा ने छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य और हाइजीन के बारे में जागरूक किया।उन्होंने छात्राओं को बताया कि वे किस तरह अपनी नियमित सेहत और स्वच्छता का ध्यान रख सकती हैं। वहीं, डॉ. भावना जोशी ने छात्राओं को मंत्रोच्चारण के माध्यम से अपने दिमाग को संतुलित करने और भावनाओं को एकाग्र व नियंत्रित करने के विशेष तरीके सिखाए।

इस अवसर पर डॉ. दीपा बजाज ने भी छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) विषय पर अपनी बात रखते हुए छात्राओं को बताया कि वे किस तरह अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचान सकती हैं और उस दिशा में आगे बढ़कर अपना भविष्य संवार सकती हैं। जागरूकता के इस विशेष अवसर पर सोसाइटी द्वारा छात्राओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से सभी छात्राओं को अल्पाहार कराया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शासकीय नवीन प्री-मैट्रिक, सीनियर कन्या छात्रावास क्रमांक पांच (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित) की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निधि जायसवाल जिला संयोजक, जनजाति कार्य विभाग, शोभा कौशल अधीक्षक, सीनियर कन्या छात्रावास प्रथम, विजया लक्ष्मी पिपलादे अधीक्षक, सीनियर कन्या छात्रावास क्रमांक पांच, ममता सोलंकी, सरिता सोलंकी, कुंवर चावड़ा और निशा साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

## निरंकारी भक्तों ने भूखी माता घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**उज्जैन। संत निरंकारी मिशन उज्जैन द्वारा रविवार को अमृत परियोजना के तहत भूखी माता घाट पर एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से समाज को स्वच्छ जल, स्वच्छ मन का सार्थक संदेश दिया गया। जल संरक्षण और स्वच्छता का यह पुनीत कार्य सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की पावन प्रेरणा से देशभर के लगभग 1500 जल तटीय स्थलों पर एक साथ आयोजित किया गया।**



मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि उज्जैन में इस स्वच्छता अभियान की शुरुआत सुबह 7 बजे हुई। लगातार तीन घंटे तक चले इस अभियान में निरंकारी भक्तों और सेवादल के महात्माओं ने पूरे उत्साह, पूर्ण समर्पण और सेवा भाव के साथ भूखी माता घाट से लेकर विश्राम घाट तक व्यापक स्तर पर सफाई की। इस दौरान घाटों और आसपास के क्षेत्रों से भारी मात्रा में कचरा और प्लास्टिक एकत्रित किया गया। अभियान में सराहनीय सहयोग के लिए मिशन द्वारा उज्जैन नगर निगम के विजय माली का विशेष आभार व्यक्त किया गया। उज्जैन के त्रिलोक बेलानी ने इस अवसर पर बताया कि अमृत परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति स्थानीय जनता के बीच जागरूकता पैदा करना है। इसमें निरंकारी आशा चौहान ने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का संदेश वाचन किया।

**एक नजर** | फाइनल में विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया

## कर्मचारियों ने खेल के माध्यम से अनुशासन और फिटनेस का दिया संदेश

**उज्जैन।** शास्त्री नगर स्थित शास्त्री स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड पर वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकाल कैप 2026 का सफल आयोजन हुआ। टूर्नामेंट में रतलाम मंडल की 8 रेलवे टीमों ने भाग लेकर रोमांचक मुकाबले खेले। सागर उदगीर ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार सुबह 8 बजे असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मंजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में पूजन के साथ हुआ। दिनभर चले मैचों के बाद फाइनल मुकाबला महाकाल उज्जैन टीम और रेलवे इंदौर टीम के बीच खेला गया। वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन शाखा उज्जैन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल महाकाल टीमउज्जैन और इंदौर रेलवे टीम के बीच में हुआ। फाइनल में इंदौर की टीम ने पहले खेलते हुए 65 रन बनाए। बाद में लक्ष्य का पीछा करते हुए उज्जैन महाकाल की टीम केवल 58 रन बना पाई और इंदौर रेलवे की टीम ने फाइनल को सात रन से जीत लिया। फाइनल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रतलाम से उज्जैन आए मंडल सचिव मनोहर बारठ एवं कोषाध्यक्ष शैलेश तिवारी उपस्थित थे ।सेमीफाइनल और फाइनल में विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में उपस्थित रहे। मंडल सचिव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी ड्यूटी के साथ-साथ समय निकालकर खेल गतिविधियों का आयोजन करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। खेल न केवल अनुशासन सिखाते हैं, बल्कि टीम भावना को मजबूत करने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली का भी संदेश देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित रूप से खेलों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुशवाहा द्वारा किया गया ।समापन अवसर पर वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन उज्जैन शाखा की कार्य समिति की घोषणा की गई, जिसमें मॉरिस मेयर्स को उपाध्यक्ष तथा अर्पित जैन को शाखा सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नरेश कुमार शर्मा (सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य उज्जैन), अविनाश पंच (सहायक मंडल इंजीनियर, वेस्ट उज्जैन), क्षेत्रीय पार्षद श्री कैलाश प्रजापति, संजय सक्सेना (स्टेशन मैनेजर, उज्जैन) सहित श्री अनिल चौबे, कमलेश कुशवाहा, सुनील अंजनी, प्रवीण जोशी, महेंद्र सैनी, श्री रविंद्र उपाध्याय, मॉरिस मेयर, श्री एस. के. लाल, श्रीमती रेणुका पोद्दार, श्रीमती किरण, श्रीमती मंजू वाला, सागर उदगीर, श्री अरुण सक्सेना, प्रशांत पाठक, मोहम्मद शहजाद, देवेंद्र राय, समरेश खर्राटे, सुमित सक्सेना, दारा सिंह मीणा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त युवा समिति एवं वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन शाखा उज्जैन के पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल हुए।

